धनबाद में व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण केंद्र का ऑनलाइन उद्घाटन

चर्चा में क्यों?

8 मार्च, 2022 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'तेजस्विनी परियोजना'के अंतर्गत धनबाद में व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण केंद्र का ऑनलाइन उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पोषण अभियान में बेहतर कार्य करने वाली आंगनबाड़ी सेविका दुमका की नूतन देवी एवं पश्चिमी सिंहभूम की रीता श्री पार्या और कोविड संक्रमण काल में सराहनीय कार्य करने वाली अमोला बास्की एवं जया बिरुली को प्रमाण-पत्र और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।
- महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग मंत्री जोबा माँझी ने कहा कि तेजस्विनी परियोजना का क्रियान्वयन 17 ज़िलों में हो रहा है। 12, 800 क्लब से 10.89 लाख युवतियाँ जुड़ी हैं।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मंत्री जोबा मांझी ने 'सेतु शिक्षा पाठ्यक्रम'का विमोचन किया। सेतु शिक्षा पाठ्यक्रम राज्य के 17 ज़िलों में शुरू हो रहा है। इसका उद्देश्य स्कूल से दूर 8वीं से 10वीं तक की शिक्षा से 14 से 20 वर्ष की बालिकाओं को जोड़ना है।
- मुख्यमंत्री ने योजनाओं का लाभ देने के लिये ग्रामीण महिलाओं को आधार किट भी प्रदान किया। योजनाओं में आधार कार्ड की अनिवार्यता को देखते हुए महिलाओं को किट दिया गया ताकि लाभुकों का आधार कार्ड बने और उन्हें योजनाओं का लाभ दिया जा सके।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/vocational-skills-training-center-in-dhanbad